हिन्दुस्तान 16/04/26

## 10वीं में इंग्लिश, मैथ्स और एआई में नंबरों की बरसात हुई, हिंदी भी कमजोर साबित नहीं हुई, शत प्रतिशत अंक पाने वालों की संख्या बढ़ी

# अनुज, अविका, चारू और अवानी ने छू लिया आसमां

- छात्रों को तीन विषयों में राउंड दो में बैठने का अवसर दिया गया, इसके बाद घोषित होगा अंतिम परिणाम
- कम से कम 60 फीसदी बच्चे दोबारा सीमित विषयों की परीक्षा देने की तैयारी में, 20 तक पंजीकरण

**कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** सीबीएसई (10वीं) के पहले राउंड के परिणाम बुधवार को आते ही मेधावी उल्लास में डूब गए। सायंकाल रिजल्ट घोषित होने के बावजूद बच्चे स्कूलों में पहुंचे कामयाबी की इस उड़ान पर खूब इतराए। स्कोमिया एकेडमी के अनुज यादव, डीपीएस आजाद नगर की अविका यादव, डीपीएस कल्याणपुर की चारू चौहान और सर पदमपत की अवानी मिश्रा समेत अनेक ने अंकों की मैराथन जीत ली। छात्रों को तीन विषयों में राउंड दो में बैठने का अवसर दिया गया है। इसके बाद अंतिम परिणाम घोषित होगा।

**दूसरी परीक्षा के पंजीकरण के लिए 20 तक फिर मौका:** दूसरे राउंड की परीक्षा के लिए जिन छात्रों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है वे 20 तक पंजीकरण करा सकते हैं। दूसरे राउंड की लिस्ट ऑफ कैंडीडेट और शुल्क का भुगतान भी 20 अप्रैल तक किया जा सकता है। 21 से 22 अप्रैल तक लेट फीस के साथ लिस्ट सब्मिशन और फीस भुगतान किया जा सकता है। छात्र मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड के स्थान पर मैथमेटिक्स बेसिक का भी चयन कर सकते हैं। जिन छात्रों ने दूसरे राउंड के लिए पंजीकरण कराया है लेकिन वे दूसरे राउंड की परीक्षा नहीं देना चाहते हैं, वे अपना नाम वापस ले सकते हैं। कम से कम 60 फीसदी बच्चे दोबारा सीमित विषयों में परीक्षा देने की तैयारी में हैं।

यदि सीबीएसई के नियमों के अनुसार विषय प्रतिशत को केंद्र में रखें तो स्कोमिया एकेडमी के छात्र को सर्वाधिक 99.4 प्रतिशत अंक मिला है। सर पदमपत सिंहानिया के छात्र ने इसके बाद 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। डीपीएस कल्याणपुर के छात्र ने 98.4 प्रतिशत पंडित दीन दयाल उपाध्याय के छात्र के 98.2 प्रतिशत अंक हैं। स्कूलों ने अपने जिन नियमों के अनुसार आकलन किया है उसमें फर्क है।

स्कूलों के अपने नियमों के अनुसार डीपीएस आजाद नगर की अविका 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में सफल रही हैं। प्रखर कटियार 98 फीसदी, अनिमेष विश्वास 97.8 फीसदी अंक लाने में सफल रहे। दिल्ली पब्लिक स्कूल बर्रा की छात्रा कनिष्का चनपुरिया ने 98.8 प्रतिशत अंक मिले। 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अविशी कोचर कामयाब हुईं। आराध्या तिवारी तथा आराध्या सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कनिष्का चनपुरिया ने अंग्रेजी विषय में तथा कनिष्का चनपुरिया, आराध्या तिवारी, श्रेया सिंह तथा नैना दीक्षित ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय में 100 अंक प्राप्त किए। वाइस चेयरपर्सन बंदना मिश्रा, संस्थापक आलोक मिश्रा और प्रबंध समिति के सदस्य देवव्रत मिश्रा ने बधाई दी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर की चारू चौहान 98.4, 2. वास्वी काला 98.2, जयवीर सिंह 97.4, जयवीर सिंह 97.4, आस्तिक मल्होत्रा 97.2 प्रतिशत अंक लाने में सफल रहे। सुपर हाउस के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन और निदेशक शाहिना अमीन ने बच्चों को बधाई दी।

केडीएमए में आर्यन सिंह ने 97.6:, अनायषा सिंह 96.8, आयुश सिंह ने 96.6, विनायक द्विवेदी ने 95.8, अविराजसिंह ने 95.2, प्रतीक्षा कटियार ने 95, तेजस्वी सिंह ने 94.2, दिव्यांश गुप्ता ने 93.6, हर्शित सिंह ने 90.8, निहारिका सिंह ने 90.6, राघवेन्द्र वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। चेयरमैन डा. संजय कपूर, प्रधानाचार्या प्रियंका सहगल ने बधाई दी। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की अवानी मिश्रा 99.2, पारज अरोड़ा 98.8, वेदिका राजश्री 98.4, ,सुयश 97.8 और कृषिशा सिंह गहलौत 97.4 प्रतिशत अंक लाकर सफल रही। प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बधाई दी।

कानपुर गार्डेनिया स्कूल के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 20 मेधावियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक मिले। यहां डायरेक्टर नीलम द्विवेदी एवं चीफ डायरेक्टर सौरभ द्विवेदी ने बधाई दी। इसी तरह दुर्गा प्रसाद निकेतन के छात्रों ने भी बड़ी सफलता हासिल की। प्रथम स्थान अंशुल गौतम 97 प्रतिशत का रहा। संस्थापक पं केए दुबे पदमेश, सचिव सिद्धार्थ दुबे, प्रधानाचार्या ज्योत्स्ना मिश्रा, निदेशक एकता दुबे, अपर्णा दुबे आदि मौजूद थे। आर्चीज़ हायर सेकेण्ड्री स्कूल के परिणाम अच्छे रहे। संस्कृति राय ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। निदेशिक श्रीमती ओशमी बाजपेयी, प्रबंधक मयंक बाजपेयी एवं प्रधानाचार्या मनीषा सोनी ने बधाई दी।


डीपीएस कल्याणपुर के छात्रों ने भी अपनी सफलता का जश्न धूमधाम से मनाया और अपने दोस्तों को सफलता की बधाई दी।

| 10,982 | 91.63% | 91.57% |
|---|---|---|
| कुल छात्र | रीजन में हुए सफल | केंद्रीय विद्यालय |

### छात्र कैसे निकालें 10वीं के रिजल्ट का प्रतिशत

कानपुर। सीबीएसई 10वीं में किन विषयों के अंकों को जोड़कर प्रतिशत की गणना की जाती है, उसे लेकर भ्रम की स्थिति रही। कुछ स्कूलों ने चार विषयों के अंकों से प्रतिशत निकाला जिसमें अंग्रेजी विषय शामिल है। कुछ ने शीर्ष पांच विषयों के अंकों के आधार पर प्रतिशत निकाला। कई विद्यालय ऐसे भी हैं जिन्होंने पांच विषयों का तो आधार लिया लेकिन इसमें वैकल्पिक विषयों को भी शामिल कर लिया। सीबीएसई के कोऑर्डिनेटर सरदार बलविंदर सिंह का कहना है कि टॉप फाइव विषय से अंकों का प्रतिशत निकालना चाहिए। इसमें तब तक वैकल्पिक विषय शामिल नहीं कर सकते जब तक टॉप फाइव में से किसी एक में छात्र फेल न हो। उनका कहना था कि बोर्ड मेरिट तैयार नहीं करता है। ऐसे में स्कूल अपने स्तर पर प्रतिशत निकाल लेते हैं।

### केंद्रीय विद्यालय के परिणाम भी बेहतर रहे

केंद्रीय विद्यालयों के परिणाम तो बेहतर रहे लेकिन स्कूल बंद हो जाने के कारण नगर के स्कूल अपना प्रतिशत नहीं बता सके। वे गुरुवार को अपने परिणाम का विश्लेषण करेंगे। नगर में परिणाम 97 प्रतिशत से अधिक रहा है।

हिन्दुस्तान 16/4/26

# सीबीएसई : दसवीं में कानपुर में फिर बेटों से आगे रहीं बेटियां

लखनऊ/कानपुर, हिटी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10 वीं के पहले राउंड का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस बार लखनऊ रीजन में 91.63 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए हैं। जबकि बीते वर्ष 91 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस बार बीते वर्ष की तुलना में रिजल्ट में सुधार हुआ है। कानपुर में बेटियां एक बार फिर बेटों से आगे रहीं। बेटियां 93.22% तो 90.5% बेटे सफल रहे। कुल 91.63% परीक्षा परिणाम रहा। दूसरे राउंड की परीक्षा के लिए परिणाम के बाद एक बार फिर 20 अप्रैल तक पंजीकरण कराने और शुल्क जमा करने का मौका दिया गया है।

**कानपुर में अविका और अनुज शीर्ष पर:** कानपुर में डीपीएस आजाद नगर की अविका अग्रवाल 99.8%, स्कोमिया एकेडमी के अनुज यादव 99.4%, सर पदमपत की अवनी मिश्रा 99.2% और डीपीएस कल्याणपुर की चारू चौहान 99% के साथ आगे रहीं। देशभर के सभी रीजन में लखनऊ रीजन 16 वें स्थान पर रहा। लखनऊ के बाद देहरादून रीजन का परिणाम रहा। देहरादून रीजन में 91.59% रिजल्ट रहा जबकि प्रयागराज का पास प्रतिशत 89.33 रहा जो लखनऊ से दो फीसदी कम है। ➤ सीबीएसई परिणाम P06



अविका : डीपीएस आजाद नगर



अनुज : स्कोमिया एकेडमी

## 95 फीसदी अंक पाने वाले विद्यार्थी इस बार बढ़े

नई दिल्ली। इस बार 94.99% छात्राएं और 92.69% छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। 95% अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में करीब 20% की वृद्धि हुई, 55 हजार से अधिक छात्रों के 95 फीसदी अंक आए। वहीं, 1.47 लाख छात्रों से अधिक को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है।



सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में 10वीं में कुल 212 बच्चे शामिल हुए थे। विद्यालय की अवनी मिश्रा को सर्वाधिक 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आईटी में अपना कॅरियर बनाएंगी अवनी



कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की 10वीं की छात्रा अवनी मिश्रा को सर्वाधिक 99.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। अवनी का कहना है कि वह अपनी सफलता से बेहत प्रसन्न हैं। मुझे उम्मीद के मुताबिक ही अंक प्राप्त हुए हैं। क्योंकि, 5वीं से लेकर अब तक हमेशा क्लास में नंबर वन पोजिशन पर रही हूं। यह सफलता टीचर्स की बेहतर गाइडेंस से मिली है। रट्टा मारने के बजाय टॉपिक के कॉन्सेप्ट को समझती थी। फिर, उसे लिखकर याद करती थी। यही वजह रही कि परीक्षा के दौरान सवालों का जवाब बहुत सलीके से लिखा था। स्कूल के अलावा रोजाना 4 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। परीक्षा करीब आने पर घर पर रहकर ही 8 घंटे पढ़ाई की। अवनी ने बताया कि उनका छोटा भाई द्वैत 5वीं में पढ़ रहा है। पापा आईटी सेक्टर में हैं। इसलिए मैं भी अपना कॅरियर आईटी में ही बनाना चाहती हूं। मां गृहिणी हैं।

## पारज घर पर खुद करती थी पढ़ाई



कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की पारज अरोड़ा को 10वीं में 98.8 प्रतिशत अंक मिले। सफलता से पारज गदगद हैं। स्वजन और दोस्त बधाई दे रहे हैं। पारज ने बताया कि उनके पापा संदीप अरोड़ा बिजनेस करते हैं। मां मीनाक्षी अरोड़ा गृहिणी हैं। मम्मी-पापा मन लगाकर पढ़ाई करने की हमेशा सीख देते रहे। कभी नंबर गेम का दबाव नहीं बनाया। पारज ने बताया कि मैंने स्कूल के अलावा कोचिंग भी की थी। घर पर दो घंटे मैथ्स की पढ़ाई खुद करती थी।